Bharat Temples

आया जन्मदिन बजरंगी का,
मिलकर हम सब बोले यूँ,
हैप्पी बर्थ डे टू यू,
हैप्पी बर्थ डे टू यू।।

चैत्र की पूनम आई,
हर घर है खुशियाँ छाई,
अंजनी मैया देखो,
आज बांटे बधाई,
केसरी बाबा देखो,
खुशी से झूम रहे है,
अपने ललना का माथा,
आज वो चुम रहे है,
प्यारी सूरत देख के इनकी,
मिलकर सारे बोले यूँ,
हैप्पी बर्थ डे टू यू,
हैप्पी बर्थ डे टू यू।।

बाजे है ढोल नगाड़े,
नाचे है देखो सारे,
बधाई देवण आए,
आज सब यारे प्यारे,
देवता खुश है सारे,
और खुश है दुनिया सारी,
आज धरती पे आया,

शंकर का ये अवतारी,
भोले बाबा खुद आकर के,
ललना से फिर बोले यूँ,
हैप्पी बर्थ डे टू यू,
हैप्पी बर्थ डे टू यू।।

दीवाने हो गए हम,
सूरत है कितनी प्यारी,
निराला रूप है इनका,
लागे है सबसे न्यारी,
बजरंग को जो भी देखे,
लेते है सभी बलैया,
नजर इनकी उतारो,
करेगा पार ये नैया,
छवि निराली वीर बलि की,
देख के योगी बोले यूँ,
हैप्पी बर्थ डे टू यू,
हैप्पी बर्थ डे टू यू।।

आया जन्मदिन बजरंगी का,
मिलकर हम सब बोले यूँ,
हैप्पी बर्थ डे टू यू,
हैप्पी बर्थ डे टू यू।।

Singer : Anil Sharma

Source:
https://www.bharattemples.com/aaya-janamdin-bajrangi-ka-hanuman-ji-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw